# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 3

Chapter Name : चिट्ठियों में यूरोप

Q1इस पत्र के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो -

(क) इस पत्र का लेखक किस शहर /देश की यात्रा पर गया था?

(ख) उस देश में कौन - कौन से खेल-खेले जाते हैं ? वहाँ कौन-सा खेल सबसे अधिक लोकप्रिय है?

(ग) उस देश के कुछ खाद्य पदार्थ के नाम बताओ।

(घ) लेखक ने यह क्यों कहा कि "अच्छे से रहना ताकि माँ को तकलीफ़ न हो ?"

Answer. (क) इस पत्र का लेखक यूगोस्लाविया के नेविसाद शहर की यात्रा पर गया था।

(ख) इस देश में फुटबॉल , टेबल टेनिस और स्केटिंग जैसे खेल खेले जाते है। यहाँ फुटबॉल सबसे अधिक लोकप्रिय खेल है।

(ग) उस देश के कुछ खाद्य पदार्थ निम्न हैं-

योगर्ट , सूप , सफ़ेद सेम , आइसक्रीम , चावल , स्टयू , चिल्ले जैसे मिठाई जिसमे खट्टी बेरी का गूदा भरा होता है , उबले सूप में सेवइयां , ब्रैड बटर ,आमलेट आदि।

(घ) लेखक ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि लेखक शहर से बाहर दूसरे देश में रहता है और माँ अपने बच्चों के साथ अकेली रहती थी। अगर बच्चे अच्छे से नहीं रहेंगे और माँ को तंग करेंगे तो माँ को तकलीफ़ होगी।

Page : 18 , Block Name : पत्र के आधार पर

Q2 (क) भारतीय खाने की कुछ चीजें जैसे चावल, सेवइयां, मिठाइयां, यूरोप में अलग ढंग से खाई जाती है। क्या भारत में यह चीज है अलग-अलग ढंग से बनाई और खाई जाती हैं? पता करो और बताओ।

(ख) दूना नदी यूरोप के कई देशों में बहती है। भारत में भी अनेक ऐसी नदियां हैं जो कई राज्यों में बहती हैं। ऐसी कुछ नदियों के नाम लिखो। यह भी पता करो कि वह कौन-कौन से राज्यों से होकर गुजरती है।

| नदी का नाम | राज्यों के नाम |
|---|---|
| ........................ | .......................... |

Answer. (क) भारत में भी चावल, सेवई और मिठाई हर प्रदेश में अलग ढंग से बनाई और खाई जाती है | चावल को सादा उबालकर दाल या कढ़ी के साथ खाया जाता है | सब्जियाँ, मसाले डालकर बिरयानी बनाई जा सकती है,

aglasem.com

दूध के साथ चावल उबालकर खीर बनाई जाती है | सेवई भी दूध के साथ उबालकर बनाई जाती है | मिठाई भी हर जगह अलग तरह से बनाई जाती है |

(ख)

| | |
|---|---|
| नदी का नाम | राज्यों के नाम |
| गंगा | हरिद्वार, गाजियाबाद, पटना, बिहार, बंगाल |
| यमुना | दिल्ली, उत्तर प्रदेश |
| नर्मदा | महाराष्ट्र |
| कावेरी | कर्नाटक, तमिलनाडु |

Page : 19 , Block Name : पत्र से आगे

Q3 पत्र में लिखा गया है कि "मौसम अच्छा चल रहा है। यहां वसंत आ रहा है।"

भारत के अलग-अलग भागों में भी अलग-अलग तरह का मौसम रहता है। साल भर अलग-अलग ऋतुऐं अपना प्रभाव दिखाती हैं। अब तुम बताओ कि तुम्हारे प्रदेश में साल भर मौसम कैसा रहता है?

Answer. हमारे प्रदेश में साल में हर तीन-तीन महीने में ऋतुएँ बदलती रहती हैं; सर्दी, गर्मी, बरसात, बंसत।

Page : 19 , Block Name : मौसम और ऋतुएँ

Q4 (क) अपने प्रदेश की कुछ खाने-पीने की चीजों के नाम बताओ।

(ख) अपनी मनपसंद व्यंजन को बनाने का तरीका पता करो और लिखो।

Answer. (क) छोले भटूरे, कढ़ी चावल, राजमा चावल, पराठे, दही भल्ले आदि।

(ख) मेरा मनपसंद व्यंजन चावल की खीर है |

सबसे पहले चावल धो लें | कड़ाही में एक चम्मच घी डालकर, इसमें चावल डालकर 2 से 3 मिनट तक धीमी आंच पर एक बड़ी चम्मच से चलाते हुए फ्राई करें| खीर बनाने के बर्तन में दूध डालकर गैस पर गर्म करने रख दें| दूध में उबाल आने के बाद इसमें भुने हुए चावल डालकर 8 से 10 मिनट तक मध्यम आंच पर बड़े चम्मच से चलाते हुए पकाएं | जब चावल गलकर अच्छी तरह पक जाएं, तो दूध में चीनी डालकर मिलाए | चीनी घुलने के बाद दूध में नारियल का बुरादा, मखाने , बादाम, काजू और चिरौंजी डालकर, खीर गाढ़ी होने तक लगभग 8 से 10 मिनट मध्यम आंच पर पकाए | चावल की खीर तैयार है. इसे गर्मागर्म खाए या फिर फ्रिज में ठंडी करके भी सर्व कर सकते हैं |

Page : 19 , Block Name : खान- पान

Q5 इकट्ठा करने का शौक

aglasem.com

इसी पुस्तक में किसी पाठ में है कि कुछ लोगों को कोई खास वस्तु इकट्ठा करने का शौक होता है। कुछ लोग गुड़िया, पुस्तकें, चित्र तो कुछ लोग डाक टिकट इकट्ठा करते हैं।

(i) यदि तुम्हें भी कोई चीज इकट्ठा करने का शौक है तो उसके बारे में अपने साथियों को बताओ।

(ii) अपने या अपने किसी परिचित के बारे में लिखो जो इस तरह की चीजें इकट्ठा करता हो।

Answer. मुझे किताबें इकट्ठा करके पढ़ने का शौक है।

(ii) बच्चे स्वयं करे।

Page : 18 , Block Name : इकट्ठा करने का शौक

Q6 इस पत्र में लेखक ने अलग-अलग तरह के पेड़-पौधों का जिक्र किया है। पता लगाओ, अभी कौन से पेड़ पौधे हो सकते हैं। उनके लिए तुम अपने अध्यापकों, अपने साथियों, पुस्तकालय या अन्य साधनों का भी सहायता ले सकते हो।

| संकेत | नाम |
|---|---|
| (क) जिसे नए साल पर लगाते/सजाते हैं | .................. |
| (ख) सफ़ेद कुमुदनी जैसा नीला-बैंगनी फूल | .................. |
| (ग) लाल और पीले फूल वाले पौधे - | गुलाब, सूरजमुखी, कनेर |

Answer.

| संकेत | नाम |
|---|---|
| (क) जिसे नए साल पर लगाते/सजाते हैं | क्रिसमस ट्री |
| (ख) सफ़ेद कुमुदनी जैसा नीला-बैंगनी फूल | गुलबहार का फूल |
| (ग) लाल और पीले फूल वाले पौधे - | गुलाब, सूरजमुखी, कनेर |

Page : 20 , Block Name : पेड़-पौधों के नाम

Q7 इस पत्र में अनेक देशों, शहरों और नदियों का जिक्र किया गया है। नीचे दिए गए मानचित्र में उन स्थानों का नाम भरो।

aglasem.com



Answer. दूना नदी - नेविसाद शहर

Page : 20 , Block Name : मानचित्र में

Q8 (क) "तुम लोग गौतम से एरोग्राम मंगाकर हमको चिट्ठी लिखना।"

ऊपर के वाक्य पर ध्यान दो और किसी का डाक घर में जाकर पता करो कि एरोग्राम किसे कहते हैं। साथ ही यह अभी पता करो कि वहाँ पत्र भेजने के लिए कौन-कौन से साधन उपलब्ध हैं?

(ख) आधुनिक तकनीक द्वारा भेजे जाने वाले पत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त करो। जैसे- ईमेल, फैक्स आदि।

Answer. (क) बच्चे स्वयं करें।

(ख) ईमेल का पूरा नाम इलेक्ट्रॉनिक मेल होता है | यह एक प्रकार का डिजिटल मैसेज होता है जिसे की एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के साथ बात करने के लिए इस्तेमाल करता है |

फैक्स मशीन एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है, जिसकी सहायता से कोई भी व्यक्ति विश्व के किसी भी कोने से अपने डॉक्यूमेंट को भेज सकता है| इसका अधिकतर उपयोग व्यापार में किया जाता है|

Page : 18 , Block Name : पत्रों के माध्यम

aglasem.com